




# दस घंटे बाद हटाया गया सड़क से युवक का शव

## ट्रक की चपेट में आने से हुई थी मौत, जांच का आश्वासन और आर्थिक मदत के बाद माने परिजन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 जून, रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मगुरहाई में निर्माणाधीन रिंग रोड के ओवर ब्रिज के नीचे हुई युवक की मौत के तकरीबन 10 घंटे बाद पुलिस और प्रशासनिक अमले की समझाइस सहित आर्थिक मदत के बाद मृतक के परिजन माने और शव को पीएम के लिए अस्पताल ले जाया गया.**

इससे पहले परिजनों और पुलिस के बीच शव उठाने से मना कर दिया था और जमकर झूमाझटकी भी हुई थी. फिलहाल मामला शांत हो गया है और मृतक के शव को पीएम के लिए अस्पताल ले जाया गया है. मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पड़िया निवासी रामनिवास रिंग रोड सड़क निर्माण का कार्य कर रही



निजी कंपनी में कार्यरत थे. बीती रात्रि तकरीबन 1:00 बजे ओवर ब्रिज के समीप डंपर के नीचे आ जाने के कारण उनकी मौत हो गई थी. जिसके बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हत्या का मामला दर्ज करने और 20 लख रुपए मुआवजे की मांग की थी. घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अमल ने परिजनों को समझाइए देने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मान रहे थे इसके बाद 1 लाख 85 हजार की आर्थिक सहायता दी गई और जाम खोला गया. बताया गया है कि 1 लाख 25 हजार संबंधित कंपनी के द्वारा दिया गया. जबकि 50 हजार मृतक का वेतन बाकी था और 10 हजार रुपए प्रशासनिक मदद परिजनों को दी गई है.

### सरहंगों ने युवक को जमकर पीटा, दोनों पांव टूटे

शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराने बस स्टैंड के समीप बीती रात्रि तकरीबन ढाई बजे एक युवक के ऊपर दर्जन भर अज्ञात सरहंग युवको ने लाठी डंडे से हमला कर दिया. इस दौरान घायल युवक के दोनों पांव टूट गए हैं. घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना के पीछे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है. घटना थाने से कुछ दूर पर ही हुई है. मारपीट की घटना में घायल अखिलेंद्र सिंह निवासी ग्राम सदहना थाना सिरमौर ने बताया कि बीती रात्रि तकरीबन ढाई बजे अपने दो भाइयों के साथ वह पुराने बस स्टैंड गया हुआ था. जहां से वापस आते समय वह पानी की बोतल लेने के लिए रुका इसी दौरान तकरीबन दर्जन भर से ज्यादा युवक आए और उसके साथ मारपीट करने लगे. इस दौरान उसके दोनों भाई बाइक लेकर मौके से भाग निकले जबकि अखिलेन्द्र को युवक पीटते रहे. अखिलेन्द्र ने बताया कि अज्ञात आरोपियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की है और दोनों पांव भी तोड़ दिए है. पीड़ित ने बताया कि वारदात को अंजाम देने वाले किसी को नहीं पहचानता है एक युवक के ऊपर उसे संदेह जरूर है जो सिरमौर का निवासी है. घटना की सूचना सिविल लाइन पुलिस दी गई है.

# निजी पट्टे की जमीन पर जबरन बनाई जा रही सड़क, किसान बैठे अनशन पर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 जून, मऊगंज जिले की नईगढ़ी तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बूढ़ा में किसानों ने अपनी पट्टे की जमीन बचाने के लिए अनोखा कदम उठाया है. गांव के ही तथाकथित कुछ लोगों द्वारा जबरन किसानों के पट्टे की जमीन पर मुरूम डालकर सड़क बना दिए जाने से आक्रोशित ग्रामीण सोमवार सुबह से आमरण अनशन पर बैठ गए हैं.**

मिली जानकारी के मुताबिक मऊगंज जिले के नईगढ़ी तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बूढ़ा निवासी कई किसानों के पट्टे की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जे की नीयत से जबरन मुरूम डाल दिया और सड़क निर्माण शुरू कर दिया. किसानों का आरोप है कि बिना किसी सूचना और सहमति के उनकी कृषि भूमि को बर्बाद किया जा रहा है. कई बार शिकायत के बाद भी प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नईगढ़ी के अध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश पटेल के नेतृत्व में दर्जनों किसान सोमवार सुबह अपने खेतों में पहुंचे और वहीं दरी बिछाकर आमरण अनशन शुरू कर दिया. आमतौर पर धरना प्रदर्शन तहसील या कलेक्ट्रेट परिसर में होते हैं, लेकिन किसानों ने कहा कि जब जमीन पर ही अन्याय हो रहा है तो लड़ाई भी यहीं से लड़ी जाएगी. अनशन पर बैठे भूमि स्वामियों ने चेतावनी दी है कि जब तक अवैध निर्माण हटाकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा. एडवोकेट अखिलेश पटेल ने कहा कि यह गरीब किसानों की रोजी रोटी का सवाल है. जमीन पर जबरन कब्जा करना पूरी तरह गलत है.

## संक्षिप्त

### कमिश्नर वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से करेंगे समीक्षा

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 3 जून को एनआईसी के माध्यम से जिलों के कलेक्टर्स से विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे. शाम 4 बजे से 6 बजे तक बाढ़/ मानसून तैयारी, पेयजल व्यवस्था, लोक सेवा गारंटी, वन अधिकार अधिनियम, उपार्जन एवं अन्य समसामयिक विषयों की समीक्षा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से की जायेगी.

### कमिश्नर आज करेंगे टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद दो जून को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे. बैठक में मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की भी विभागवार समीक्षा की जाएगी. बैठक में पेयजल व्यवस्था, संचारी रोगों से बचाव तथा ई आफिस व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी. सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

### प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज

**रीवा,** शासकीय संभागीय आईटीआई में 2 जून को सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है. ट्रेनी के पद के लिए एजीआई ग्रीनपैक लिमिटेड, हिन्द वेयर तथा सोमेनी इम्प्रेसा में प्रशिक्षणार्थी प्लेसमेंट ड्राइव में भाग ले सकते हैं. प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार फिटर, मैकेनिकल, बेल्डर, इलेक्ट्रिकल ट्रेड के उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने दस्तावेज व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित रह सकते हैं. मानदेय के तौर पर 15 से 20 हजार रूपये प्रतिमाह देय होगा.

### प्रतिदिन जूम लिंक से दिया जा रहा योग प्रशिक्षण

**रीवा,** रीवा संभाग के सभी जिलों में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा. विश्व योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों के क्रम में आयुष विभाग द्वारा प्रतिदिन सुबह 8 बजे से जूम लिंक के माध्यम से योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इस संबंध में आयुर्वेद महाविद्यालय रीवा के डीन डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ ने बताया कि अधिकारियों के संभागीय ग्रुप तथा जिला ग्रुप में प्रतिदिन प्रशिक्षण के लिए जूम लिंक शेयर की जा रही है. यूट्यूब में भी प्रशिक्षण उपलब्ध है. उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से योग प्रशिक्षण में शामिल होने का अनुरोध किया है.

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा,** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं. जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह ने बताया कि वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 18 वर्ष से कम आयु के भारतीय बच्चे आवेदन कर सकते हैं. आवेदन अवार्ड डॉट जीओभी डॉट इन पोर्टल पर किए जा सकते हैं.

### मत्स्य पालकों से 6 तक आवेदन आमंत्रित

**रीवा,** मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के तहत मत्स्य पालकों से आवेदन 6 जून तक आमंत्रित किये गये हैं. सहायक संचालक मत्स्य पालन डॉ. अंजना सिंह से जानकारी के अनुसार ग्रामीण तालाबों में मत्स्य बीज संवर्धन,मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य पालन,स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना, तथा मत्स्य पालकों का प्रशिक्षण को शामिल किया गया है. यह योजना विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए लाभकारी है जो मत्स्य पालन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं. योजना के तहत व्यक्तिगत मत्स्य पालक, ग्रामीण तालाबों के पट्टाधारक, मछुआ समूह, स्व-सहायता समूह एवं मछुआ सहकारी समितियाँ आवेदन करने के पात्र हैं.

### वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसके त्रिपाठी का दु:खद निधन

**रीवा,** जिले के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सेवानिवृत्त सीएमएचओ डा. एस.के त्रिपाठी का दु:खद निधन हो गया.



चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गई और चिकित्सको ने इसे अपूर्णीय क्षति बताया है. स्वर्गीय डॉ. एस. के. त्रिपाठी का व्यक्तित्व सरलता, विनम्रता, सेवा और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत संगम था. उन्होंने वर्ष 1976 में संजय गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा से एम.बी.बी.एस. एवं 1980 में एम.डी. की शिक्षा प्राप्त कर चिकित्सा सेवा के उस पथ को चुना, जिस पर चलते हुए उन्होंने हजारों बच्चों और परिवारों के जीवन में आशा और स्वास्थ्य का प्रकाश फैलाया. एक वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ के रूप में सीएचसी मऊगंज एवं अमरपाटन में उनकी सेवाएँ आज भी लोगों के हृदय में जीवित हैं. रोगियों के प्रति उनका स्नेह, सहज व्यवहार, मधुर वाणी और समर्पण उन्हें जन-जन का प्रिय चिकित्सक बनाता था उनके लिए चिकित्सा केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का पवित्र माध्यम थी. प्रशासनिक दायित्वों में भी उन्होंने उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान किया. सिविल सर्जन रीवा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रीवा तथा अंतत: रीवा संभाग के क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएँ के रूप में उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा और ऊँचाइयाँ प्रदान कीं. वे डॉ. जे.एल. मिश्रा पूर्व संचालक स्वास्थ्य सेवाएँ, प्रदेश शासन, के समधी थे तथा डॉ. गौरव त्रिपाठी, सह-प्राध्यापक, शिशु रोग विभाग, एस.एस. मेडिकल कॉलेज, रीवा, के पिता थे.

# श्रीराम कथा एवं श्रीराम महायज्ञ तीन से, कलश यात्रा आज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 जून, श्रीराम कथा एवं श्रीराम महायज्ञ का आयोजन तीन जून से 11 जून तक श्रीराम जानकी मंदिर नजरबाग बाबूपुर में किया गया है.**

कथा व्यास मानस पीठाधीश्वर जगद्गुरू रामानंदचार्य स्वामीरामललाचार्य महाराज मानस पीठ खजुरीताल होंगे. श्रीराम कथा शाम 6 बजे से



आयोजित होगी. श्रीराम महायज्ञ में श्रद्धालुजन सुबह 6 बजे से सुबह 11 बजे तक भाग ले सकेंगे. पूर्णाहुति एवं भण्डारा महाप्रसाद का आयोजन 11 जून को किया गया है.

यज्ञ के संरक्षक उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल हैं. श्रीराम कथा एवं श्रीराम महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा 2 जून को शाम 4 बजे से बीटीएल बाला जी मंदिर से आरंभ होगी. कलश यात्रा भुईयां बाबा जी की पूजा अर्चना के उपरांत श्रीराम जानकी मंदिर में संपन्न होगी. समस्त भक्तजनों एवं श्रीराम महायज्ञ समिति के सदस्यों से सभी कार्यक्रमों अपनी उपस्थिति देने का अनुरोध किया गया है. उल्लेखनीय है कि श्रीराम जानकी मंदिर नजरबाग बाबूपुर चोरहटा तालाब से लगा हुआ शिल्पी सिटी के पीछे स्थित है. शासन के अधिपत्य का यह मंदिर लगभग 250 वर्ष प्राचीन है.

### ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 30 तक

रीवा, शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आई टी आई) रीवा में नवीन सत्र के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. संस्था के प्राचार्य सौरभ शुक्ला ने बताया है कि आई टी आई के विभिन्न व्यावसायिक कोर्सेज में प्रवेश पाने के इच्छुक आवेदक अब ऑनलाइन काउंसलिंग पोर्टल के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं. इस प्रवेश प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है. संस्था में संचालित विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी व्यवसायों में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8वीं अथवा 10वीं उत्तीर्ण रखी गई है, जबकि आवेदकों की न्यूनतम आयु सीमा 14 वर्ष तय की गई है.




# टेबल टेनिस स्पर्धा का समापन छाए रहे रीवा के खिलाड़ी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 जून, स्पोट्स काम्पलेक्स में आयोजित प्रो0 उमा परौहा संभाग स्तरीय टेबल टेनिस के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि रीवा के सांसद जर्नादन मिश्र एवं अध्यक्षता कर रहे डॉ0 अवतार सिंह यादव कार्यवाहक डीन मेडीकल कालेज रीवा के समक्ष खेले गये.**

सुरेन्द्र सिंह विशिष्ठ अतिथि रहे. कार्यक्रम का संचालन संयोजक असद खान एवं डॉ0 विनोद तिवारी ने किया. दो दिवसीय चल रहे इस स्पर्धा के मुकाबले में रीवा के जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ी छाये रहे. पुरूष एकल वर्ग में रीवा के रितिक सिंह ने कड़े मुकाबले में पराजित किया. वहीं महिला एकल वर्ग में शहडोल की रोजी मंसूरी ने अपनी सगी बहन कशिश मंसूरी को 3-2 से पराजित किया. पुरूष वेटरन्स वर्ग में सतना के नंद किशोर ने एस.ई.सी.एल. के राजेश धुर्वे को एवं महिला वेटरन्स में रीवा की डॉ0 ऋचा सिंह ने डॉ0 सुल्तान जहां काजी को 3-0 से पराजित कर विजेता बनी सब जूनियर बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में सतना के मितार्थ ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए रीवा के युवराज चतुर्वेदी को 3-0 से पराजित कर विजेता बने. बालिका वर्ग में रीवा की कशिष पटेल ने शहडोल की रिमझिम केवट को 3-2 से एवं बालक वर्ग में फाइनल में पन्ना के वरूण रायकवार ने शहडोल के दक्ष कुमार मिश्रा को कड़े मुकाबले में पराजित किया. खिलाड़ियों में अच्छा उत्साह देखा गया.



कलेक्टोरेट में समीक्षा बैठक लेते जिला पंचायत के सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर

# स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु अभियान पांच तक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देने के लिए जिले भर में एक से पाँच जून तक स्वच्छ गांव सुरक्षित जलवायु अभियान चलाया जा रहा है.**

अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में जन भागीदारी तथा जनजागरूकता को सुनिश्चित करना है. इस संबंध में शासन द्वारा जारी निर्देशों के साथ अभियान के दौरान प्रत्येक गांव में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए किए गए प्रयासों का मूल्यांकन किया जाएगा.

गांव में सम्पूर्ण स्वच्छता एवं ओडीएफ प्लस माडल की अवधारणा के अनुरूप परिसम्पत्तियों की सुरक्षा, उचित संचालन एवं रखरखाव के लिए जन समुदाय को प्रेरित किया जाएगा. अभियान में एक से पाँच जून तक प्रतिदिन अलग-अलग विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा. अभियान के पूरा होने के बाद पाँच जून को ग्राम पंचायतों में उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी.

# बिजली लाइनों में मेंटीनेंस का कार्य एक सप्ताह में पूरा कराएं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 जून, कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की.**

श्री गुर्जर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें. विकासखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण कराएं. लंबित प्रकरणों में से 75 प्रतिशत का 5 जून तक अनिवार्य रूप से निराकरण करें. ग्रेडिंग में कोई भी विभाग 10 जून तक सी और डी कैटेगरी में न रहे. सभी एसडीएम राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराकर सीएम हेल्पलाइन में विभागीय रैंकिंग में सुधार कराएं. ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग, नगरीय निकाय, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें. इसमें 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का भी तत्परता से निराकरण कराएं. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का सात दिन की तय समय सीमा में निराकरण करके पोर्टल पर प्रतिवेदन दर्ज करें.

तहसीलदार, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारी जनसुनवाई के प्रकरणों पर विशेष ध्यान दें.

अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल बिजली की लाइनों में मेंटेनेंस का कार्य सात दिन में पूरा कराएं. तेज हवा और बारिश से क्षतिग्रस्त लाइनों को तत्काल ठीक कराएं. किसी भी स्थिति में नलजल योजनाओं, अस्पताल तथा स्कूलों के बिजली के कनेक्शन न काटें. बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक, डिप्टी कलेक्टर मौजूद रहे.

# बरसात के पहले नालों से हटाएं अतिक्रमण : अक्षत जैन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 जून, निगम आयुक्त अक्षत जैन ने टीएल बैठक में टीएल पत्रों, सीएम हेल्पलाइन, विभिन्न विभागीय कार्यों, वर्षाकाल पूर्व तैयारियों, अतिक्रमण, बिल्डिंग परमिशन तथा जनहित से जुड़े विभिन्न प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की.**

बैठक के दौरान वार्ड क्रमांक-1 में नाली के ऊपर किए गए अतिक्रमण की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए निगमायुक्त ने स्थल जांच कर अतिक्रमण हटाने



के निर्देश दिए. वहीं वार्ड क्रमांक-40 में दीपक मैत्रे द्वारा नल कनेक्शन उपलब्ध न कराए जाने की शिकायत पर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर शीघ्र नल कनेक्शन प्रदान करने के निर्देश दिए. उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि नगर निगम से संबंधित शिकायतों के निराकरण के बाद शिकायतकर्ता को लिखित रूप से सूचना देना सुनिश्चित करें. खैरी नई बस्ती में नाले के ऊपर लोगों द्वारा झुग्गी-झोपड़ियां बनाकर स्थायी अतिक्रमण कर लिया गया है, जिस कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है.

इस पर निगमायुक्त ने वर्षा ऋतु से पूर्व अतिक्रमण हटाकर नाले की सफाई कराने के निर्देश दिए. साथ ही सभी अतिक्रमण प्रभारियों को शहर के नालों पर चिन्हित स्थायी अतिक्रमणों का परीक्षण कर शीघ्र हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह मौजूद रहे.

# ननि क्षेत्र में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 जून, जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य नगर निगम रीवा क्षेत्र में सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है.**

यह कार्य निगम आयुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी अक्षत जैन के निर्देशन तथा नगर जनगणना अधिकारी प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में संपादित किया गया. जनगणना कार्य के प्रथम चरण में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत भवनों, मकानों एवं अन्य संरचनाओं से संबंधित आधारभूत जानकारी का संकलन किया गया.

इस महत्वपूर्ण कार्य में प्रगणकों, सुपरवाइजरों, जोनल अधिकारियों तथा तकनीकी अमले ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए निर्धारित समयावधि में दायित्वों का निर्वहन करते हुए पूर्ण कर लिया गया है उपायुक्त एवं नगर जनगणना अधिकारी प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जिसे पूरा किया गया है.

# अस्पताल के शव वाहन से चोरी के बकरियों की तस्करी, चालक सहित तीन गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 जून, रीवा की गुढ़ पुलिस ने मवेशियों की चोरी कर तस्करी का चौकाने वाला खुलासा किया है.**

संजय गांधी अस्पताल में शासन द्वारा नि:शुल्क सेवा के लिये चलाए जा रहे शासकीय शव वाहन का उपयोग मवेशियों की तस्करी में किया जा रहा था. शव वाहन में मरीजों की जगह बकरा और बकरी चोरी कर तस्करी की जा रही थी. खास बात यह है कि बकरा बकरी चोरी करने वाले गिरोह का मास्टर माइंड कोई और नहीं बल्कि शव वाहन का चालक ही निकला जो एक संगठित गिरोह बनाकर शव वाहन में मवेशियों को लादकर एक जगह से दूसरी जगह ठिकाने लगाता था. फिलहाल पुलिस नें मवेशी तस्करी का खुलासा करते हुये मास्टरमाइंड सहित गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफतार कर लिया है जबकि गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की पता तलाश शुरू कर दी है. दरअसल यह खुलासा रीवा के गुढ थाना प्रभारी शैल यादव नें किया है. थाना प्रभारी नें जानकारी देते हुये बताया कि बीते 29 मई को थाना क्षेत्र के ही ईटार पहाड स्थित पोखरा गांव से 10 नग बकरिया चोरी हुई थी.उक्त मामले की शिकायत मिलने के बाद पतासाजी के दौरान एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड हुआ जो नि:शुल्क सेवा देने वाले शासकीय शव वाहन में मवेशियों की तस्करी करता था. पुलिस ने सबसे पहले इस गिरोह के मास्टरमाइंड राजू मिश्रा को गिरफतार किया जो संजय गांधी अस्पताल के शव वाहन का चालक ही निकला. बताया गया कि पायलट नें एक संगठित गिरोह बना रखा था जो दिन में रैकी करता और रात में मवेशियों की चोरी कर उन्हें एम्बुलेंस की मदद से ठिकाने लगा देता. पुलिस नें फिलहाल इटार पहाड से चोरी गए मवेशियों को सीधी जिले के एक गांव से बरामद किया जहां शव वाहन से ले जाकर उन्हें सुरक्षित रखा गया था.

### वंदे मातरम का गायन हुआ

**मऊगंज, 1 जून,** कलेक्टर कार्यालय मऊगंज में माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया. इस अयोजन में कलेक्टर संजय कुमार जैन, डिप्टी कलेक्टर पवन गौरैया तथा कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए. पुलिस कंट्रोल रूम में भी पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार जैन की उपस्थिति में राष्ट्रगीत का गायन किया गया.